卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 334 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦11 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## युवक की गोली मारकर हत्या

### मृतक के खिलाफ थे दस से ज्यादा आपराधिक मामले

हरिद्वार (उद संवाददाता)।नगर कोतवाली क्षेत्र में रेहड़ी लगाने वाले की एक युवक की हाथी पुल के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुख्य आरोपी को पुलिस ने कुछ ही देर बाद हिरासत में ले लिया है। आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं मृतक के खिलाफ भी 10 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। घटना सोमवार सुबह करीब पांच बजे की है। जब कारण उर्फ कन्नू निवासी कुम्हारगढ़ा कनखल की हाथी पुल के पास गोली मार कर हत्या कर दी गई। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस की अलग-अलग टीम में आरोपी की तलाश की। कुछ ही घंटे के अंदर मुख्य आरोपी हर्षित चड्ढा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। एसएसपी अजय सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। एसएसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी हर्षित चड्ढा को हिरासत में ले लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। आखिर हत्या के पीछे का क्या कारण रहा। उन्होंने बताया कि मृतक खिलाफ भी 10 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ गुंडा एक्ट और शराब तस्करी आदि मामले दर्ज हैं।



## आधी रात को डोली उत्तरकाशी की धरती

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। आधी रात को भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया है। गहरी नींद में सो रहे लोग तेज झटके से कांप उठे। लोग तुरंत भय से घर छोड़कर बाहर भागे। फिलहाल किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। रात 3. 49 मिनट पर उत्तरकाशी के यमुनाघाटी में धरती डोली। जनपद के तहसील पुरोला, बड़कोट, मोरी में भी भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप का समय कम था, लेकिन झटका तेज था। गहरी नींद में सोए हुए लोग जागे और तुरंत बाहर की ओर भागे। भूकंप का केंद्र बड़कोट स्यालना के जंगलों में जमीन से पांच किमी नीचे था। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.9 रही। सभी तहसील थाना चौकिया से डेल्टा के माध्यम से दूरभाष द्वारा सूचना ली गई है जिसमें भूकंप से कहीं भी जनहानि पशु हानी नहीं हुई है ।




## युवती की हत्या के मामले में आर्मी अधिकारी गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आर्मी अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, युवती काठमांडू, नेपाल की रहने वाली थी जोकि सिलीगुड़ी में नौकरी करती थी। यहीं उसकी एक आर्मी अधिकारी से मुलाकात हुई थी। युवती आर्मी आफिसर से शादी करने के लिए दबाव बना रही थी और वह इसके लिए उसके पीछे देहरादून पहुंच गई। आर्मी अधिकारी ने युवती से छुटकारा पाने से लिए उसे रास्ते से हटाने का मन बना लिया और युवती को रास्ते से हटाने के लिए आरोपित ने उसे घुमाने के बहाने से थानों रोड पर ले गया। वहां पहुंचकर उसने युवती की हत्या कर दी और शव को सड़क के किनारे फेंक दिया। युवती की शिनाख्त बार डांसर के रूप में हुई है। वह काठमांडू, नेपाल की रहने वाली थी। उसकी हत्थ्या के आरोप में पुलिस ने लेफ्टिनेंट कर्नल को गिरफ्तार किया है। वर्तमान में वह यहां क्ष्लेमेनटाउन में तैनात है। इससे पहले उसकी तैनाती सिलीगुड़ी में थी। मूल रूप से काठमांडू नेपाल की रहने वाली युवती सिलीगुड़ी में बार डांसर थी। सैन्ध्य अधिकारी की वहीं पर उससे मुलाकात हुई थी, बाद में दोनों के प्रेम संबंध बन गए। युवती सिलीगुड़ी से आरोपित अधिकारी को ढूंढने दून पहुंची थी। आरोपित अधिकारी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर का रहने वाला है।

## सरकार और वन विभाग के खिलाफ गरजे लोग

रामनगर(उद संवाददाता)। सोमवार को रामनगर में रोजगार बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ो लोगों ने अतिक्रमण के नाम पर जबरन लोगों को बेघर एवं बेरोजगार करने के खिलाफ सरकार एवं वन विभाग के खिलाफ लखनपुर चुंगी पर हंगामादार सभा करते हुए नगर में जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद यह लोग तहसील परिसर पहुंचे जहां उन्होंने एसडीएम राहुल शाह के माध्यम से एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित आल्हा अधिकारियों को भेजा प्रदर्शन कार्यो का आरोप था कि अतिक्रमण के नाम पर सरकार और वन विभाग के अधिकारी वर्षों से बसे लोगों को जहां एक और उजाड़ने का काम कर रही है तो वही लंबे समय से रोजगार कर रहे लोगों का रोजगार छीनने का काम कर रही है जिसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज सरकार जिन लोगों को उजाड़ने का काम कर रही है उन लोगों के पास आधार कार्ड राशन कार्ड के अलावा स्थाई एवं जाति प्रमाण तक उपलब्ध है यदि यह लोग अतिक्रमणकारी थे तो इन लोगों को यह सुविधा क्यों दी गई। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए तथा हटाने से पहले लोगों को बसाने के लिए भी सरकार को इंतजाम करने चाहिए उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि अतिक्रमण के नाम पर लोगों को ना उजाडा जाए तथा जो लोग जहां पर मौजूद हैं उन्हें वहीं पर रहने दिया जाए यदि ऐसा नहीं हुआ तो 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में इस तानाशाह सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए जनता एकजुट होगी।



## ढेला और झिरना जोन पर्यटकों के लिए बंद

रामनगर (उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में बरसात की वजह से पर्यटकों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से दोनों पालियों में सफारी की बंद है। बता दें कि उत्तराखंड के साथ ही नैनीताल जिले में भी लगातार बारिश की वजह से लोगों का जन जीवन प्रभावित हो गया है। वही लगातार हो रही बारिश की वजह से कॉर्बेट प्रशासन ने पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर सुबह और शाम की पाली में ढेला और झिरना पर्यटन जोन को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया है।जिसके तहत ढेला व झिरना पर्यटन जोन में आज सुबह और शाम की पाली में होने वाली सफारी को बंद कर करने का फैसला लिया गया।बता दें कि रामनगर में भी 2 दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते कॉर्बेट के जोन में जाने वाले क्षेत्र ढेला में बरसाती नालों का जलस्तर काफी बढ़ जाता है साथ ही जंगल के अंदर रास्ते भी खराब हो जाते है।जिसकी वजह से सुरक्षा को देखते हुए कॉर्बेट प्रशासन ने ढेला और झिरना जोन को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया. साथ ही दोनों जोन की 120 सफारियों को निरस्त कर दिया.बता दें कि ये दोनों ही जोनों में 30 जिप्सियां सुबह की पाली में और 30 जिप्सियां शाम की पाली में पर्यटकों को भ्रमण पर लेकर जाती है। वही इस विषय में जानकारी देते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दिगंत नायक ने बताया कि लगातार हो रही बारिश की वजह से हमारे पार्क के अंदर के रास्ते खराब हो गए हैं।उन्होंने कहाँ कि कॉर्बेट के ढेला और झिरना जोन पर्यटकों के लिए पूरे साल खुले रहते है। बीते दिनों से हुई तेज बारिश के चलते दोनों जोन के बरसाती नालों का जलस्तर काफी बढ़ गया (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर से बुलाकर युवक पर फायर झोंका

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला रम्पुरा में विगत रात्रि कुछ लोगो ने एक युवक को फोन कर उसे मंदिर के पास बुलाकर जान से मारने की नियत से मारपीट कर उस पर फायर झोंक दिया। हमलावरों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में मोहल्ला रम्पुरा वार्ड 23 निवासी धर्मेन्द्र पुत्र राम पाल ने कहा है कि रम्पुरा में ही रहने वाले शिवम चन्द्रा पुत्र महेश चन्द्र, विवेक गुप्ता उर्फ वाण्टेड पुत्र गोविन्द उर्फ पप्पू , अरुण गुप्ता पुत्र सुभाष गुप्ता, गगन दिवाकर पुत्र पप्पू दिवाकर, राहुल पुत्र हरीश उसके भाई परिवार से रंजिश रखते हैं। 9 सितम्बर की रात्रि रम्पुरा स्थित हनुमान मन्दिर में धार्मिक कथा चल रही थी । तभी वहां पर गगन दिवाकर ने साजिश करके अपने मोबाईल से उसके भाई को कॉल करके हनुमान मन्दिर के पास बुलाया। वहाँ पर पहले से ही गगन दिवाकर के साथी शिवम चन्द्रा विवेक गुप्ता , अरुण गुप्ता, राहुल दो तीन अन्य लोग लाठी डण्डे, तमंचे एवं अन्य धारदार हथियार से लैस खड़े थे। भाई के आते ही उन्होंने एक राय होकर उसे पकड़कर गालियां देते हुए बुरी तरह से मारपीट करनी शुरू कर दी। तभी शिवम चन्द्रा ने अपने पास से तमंचा निकालकर भाई की कनपट्टी पर सटाकर फायर कर दिया । फायर मिस हो जाने से अनहोनी घटना टल गई। भाई ने मंदिर के कथा मंच तक भागकर अपनी जान बचाई। जहां भीड़ होने के कारण हमलावर अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाये। हमलावर भाई को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं ।

## ‘सख्त कानून’ के बावजूद उत्तराखंड में रुक नहीं रहा ‘लव जिहाद’

### अब छतरपुर की नाबालिक किशोरी हुई लव जिहाद का शिकार,पीड़ित पक्ष की तहरीर लेने से चार घंटे तक बचती रही पुलिस, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के हंगामे के बाद पुलिस ने ली पीड़ित पक्ष की तहरीर

■ अर्श

जान पड़ता है जैसे लव जिहादियों को सरकार एवं कानून का तनिक भी भय नहीं रह गया है कदाचित यही कारण है कि उत्तराखंड सरकार द्वारा लव जिहाद एवं जबरिया धर्मांतरण पर सख्त कानून बनाए जाने के बावजूद राज्य के भीतर लव जिहाद के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला रुद्रपुर से लगे छतरपुर इलाके का है। जहां दिलदार अंसारी पुत्र शमसुद्दीन नामक एक युवक ने एक 14 वर्षीय नाबालिक किशोरी को एक अर्ध निर्मित मकान में ले जाकर अपनी हवस का शिकार बनाने की कोशिश की। नाबालिक पीड़िता के रोने की आवाज सुनकर पास से ही गुजर रहे कुछ व्यक्ति घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने पीड़िता को आरोपी के चुंगल से आजाद कराया और आरोपी को सिडकुल चौकी के हवाले कर दिया। जैसा कि लव जिहाद के मामलों में अक्सर ही देखा जाता है कि पुलिस ऐसे संवेदनशील मामलों में आसानी से हरकत में नहीं आती। ऐन ऐसा ही रवैया, उपरोक्त मामले में सिडकुल चौकी की पुलिस का भी था। पीड़ित पक्ष के अनुसार सिडकुल पुलिस चौकी कर्मियों ने पीड़ित पक्ष, जिसमें पीड़िता की विधवा मां भी शामिल थी, की तहरीर ही तकरीबन चार घंटे तक नहीं ली और इस दौरान आरोपी पक्ष के लोग सिडकुल चौकी में ही पीड़िता एवं उसकी विधवा मां को मामले को सुलटा लेने एवं तहरीर ना देने का दबाव बनाते रहे तथा तहरीर देने की स्थिति में अंजाम भुगतने को तैयार रहने की धमकी देते रहे। इसी बीच मामले की भनक विश्व हिंदू परिषद (शेष पृष्ठ सात पर)





सिडकुल चौकी में नारेबाजी करते विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता



# लाखों की स्मैक और तमंचा कारतूस सहित दो तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस व एसओजी टीम ने गश्त के दौरान लाखों रुपए कीमत की स्मैक सहित दो नशा तस्करों को एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी पंकज भट्ट ने बताया काठगोदाम थाना पुलिस व एसओजी टीम द्वारा गौलापार के कुवरपुर चौराहे के समीप गश्त की जा रही थी। इस बीच कुंवरपुर चौराहे की ओर एक मोटर साइकिल से दो युवक आते दिखाई दिए। जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। शक होने पर पुलिस ने पीछा उन्हें दबोच लिया। एसएसपी पंकज भट्ट ने बताया कि पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो उनके पास से कुल 114.90 ग्राम स्मैक के साथ ही एक 315 बोर का तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पकड़ी गई स्मैक की कीमत करीब 20 लख रुपए के आसपास बताई जा रही है। पूछताछ करने पर पकड़े गए तस्करों ने अपना नाम शावेज उर्फ समीर दूसरे तस्कर ने अपना नाम सलीम निवासी कसाई मोहल्ला दरऊ थाना किच्छा बताया। तस्करों ने बताया कि वह उक्त स्मैक दरऊ में रहने वाले एक व्यक्ति से सस्ते दामों में लेकर आए है और उसे महंगे दामों में बेचने के लिए हल्द्वानी आए है। तस्करों ने पुलिस को यह भी बताया कि वह इससे पूर्व भी यहां स्मैक बेचने के लिए आए थे तो नशेडियों ने उनसे स्मैक छीन ली थी। एसएसपी ने बताया तस्कर जिस व्यक्ति से स्मैक खरीद कर लाए हैं पुलिस उसे भी जल्द गिरफ्तार करेगी। एसएसपी ने बताया कि स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 20 लाख रुपए है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी प्रमोद पाठक, एसआई मनोज कुमार चौकी इंचार्ज खेड़ा गौलापार, एसआई राजवीर सिंह नेगी, प्रभारी एसओजी, एएसआई दिनेश सिंह राणा, हेड कांस्टेबल त्रिलोक सिंह, कुंदन कठायत, कांस्टेबल भानु प्रताप, अनिल गिरी, दिनेश नगरकोटी, चंदर सामंत व सुरेंद्र सिंह आदि शामिल थे।



# जयंती पर प. गोविन्द बल्लभ पन्त को किया नमन

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)।भारत रत्न पण्डित गोविन्द बल्लभ पन्त जी की 136 वी जयंती घंटाकरण मे पन्त स्मारक मे धूमधाम से मनाई गई।मुख्य कार्यक्रम पन्त स्मारक मे आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी रीना जोशी, मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी, व अध्यक्ष नगर पालिका राजेंद्र रावत एवं संयोजक पन्त फाउंडेशन पूर्व दर्जा राज्यमंत्री महेन्द्र सिंह लुठी द्वारा पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त जी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर उन्हें याद करते हुए श्रदांजलि दी गई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी रीना जोशी ने पण्डित जी को याद करते हुए कहा कि पण्डित जी द्वारा शिक्षा, चिकित्सा के विकास हेतु अनेक कार्य किए गए जिसके चलते आज उनके नाम पर उत्तराखंड समेत देश मे भी शैक्षणिक एवम् चिकित्सा के संस्थान स्थापित है। उन्होंने कहा कि हमें पण्डित जी के सिद्धांतो को अपनाकर कार्य करने होंगे।कार्यक्रम में संयोजक पन्त फाउंडेशन महेन्द्र सिंह लूंठी, व अध्यक्ष नगर पालिका राजेंद्र रावत द्वारा पण्डित जी को याद करके हुए अपने विचार व्यक्त किए गए।तत्पश्चात नगरपालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भारत रत्न पण्डित गोविन्द बल्लभ पन्त जी की 136 वी जयंती के उपलक्ष्य मे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों, सांस्कृतिक, शिक्षा एवम् विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद के लगभग 78 नागरिकों को उप जिलाधिकारी सदर अनिल कुमार शुक्ला एवम् विशिष्ट अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान खेल विभाग की ओर से क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया, विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा रामलीला मैदान से प्रभात फेरी निकाली गई। जिसका समापन घंटकरण मे पन्त स्मारक पर हुआ एवं नगरपालिका सभागार में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं के मध्य निबंध एवम् भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधि कारी सदर अनिल कुमार शुक्ला, मुख्य शिक्षाधिकारी अशोक जुकरिया समेत राज्य आंदोलनकारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता जुगल किशोर पाण्डेय ने किया।






# डेंगू व मलेरिया के रोगियों का हो त्वरित उपचार: डीएम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।जनपद में डेंगू एवं मलेरिया बीमारियों के संक्रमण पर नियंत्रण एवं प्रभावित मरीजों के उपचार हेतु जिलाधिकारी वंदना ने अधिकारियों को दिये कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद के राजकीय व निजी चिकित्सालयों में डेंगू एवं मलेरिया बीमारी से ग्रस्त मरीजों का प्राथमिकता से उपचार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि डेंगू प्रभावित मरीज पाया जाता है तो उसकी सूचना तत्काल प्राप्त कर पर्यवेक्षण सुनिश्चित किया जाये। साथ ही बाहर से आने वाले पर्यटकों का गहनता से परीक्षण कर उपचार किया जाए। उन्होने राजकीय एवं निजी चिकित्सालयों में साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही समय-समय पर औचक निरीक्षण करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएमओ से कहा कि चिकित्सालयों में डेंगू एवं मलेरिया से उपचार सम्बन्धित औषधियां पर्याप्त मात्रा में हों तथा मलेरिया अधिकारी एवं चिकित्सकों की टीमों द्वारा संवदेनशील स्थानों एवं चिकित्सालयों की निरीक्षण एवं मानिटरिंग की जाए तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं बीमारियों से बचाव हेतु क्या करें, क्या ना करें, का प्रचार प्रसार कर जनता को जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त नगर निगम, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, परिषद, नगर पंचायत के अधि कारियों को आदेशित किया है कि अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर गन्दगी वाले स्थानों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे साथ ही कीटनाशक औषधियों, फोगिंग मशीनों के छिडकाव करना भी सुनिश्चित करेंगे तथा गली, मौहल्ला एवं कालोनियों के घरों का नियमित कूडा एकत्र किया जाए। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत नैनीताल को निर्देश दिये हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में गन्दगी वाले स्थानों की साफ सफाई नियमित करना सुनिश्चित करें साथ ही नालों की साफ सफाई एवं कीटाणुनाशक छिडकाव तथा मार्ग में गडडों में मिटटी भराव करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त अधि शासी अभियंता जलसंस्थान को निर्देश दिये हैं कि क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के साथ ही क्षतिग्रस्त पाइप लाईनों को तत्काल मरम्मत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधि कारी को निर्देश दिये कि राजकीय विद्यालयों के साथ ही निजी विद्यालयों में कीटनाशक औषधियों का छिडकाव फोगिंग मशीनों के द्वारा करना सुनिश्चित करें साथ ही सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को फुल पेंट, शर्ट की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रतिदिन की कार्यवाही से कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

# पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती मनाई



गदरपुर( उद संवाददाता)। शिशु मंदिर स्कूल में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती की पर उनका जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पंत जी के चित्र पर माल्यार्पण किया. तत्पश्चात छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व कैबिनेट मंत्री के सुपुत्र अतुल पांडे ने पंत के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आधुनिक भारत के अग्रदूत के रूप में याद किया. उन्होंने अमर स्वतंत्रता सेनानी पंत के उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डालते हुए वहाँ पहुंचे लोगों से उनके श्रेष्ठ गुणों को अपनाने की प्रेरणा दी। वरिष्ठ भाजपा नेता रविंद्र बजाज ने भी अपने विचार रखे। संचालन पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं एडवोकेट संतोष गुप्ता ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्मल नारंग, सतीश छाबड़ा, चंकित हुडिया,मनी भुसरी,विनोद फोगाट,सुरेश सुराना, सुभाष गुम्बर, विनोद चुघ, रवि पाल, धीरज पन्त,सूरजभान गुप्ता, जोगिंदर वीर सिंह,गुरदयाल सिंह, मोहित अरोड़ा,चेरी, संतोष श्रीवास्तव,सचिन गुप्ता,रितिक गुप्ता,करन गुप्ता,आदित्य गुप्ता, अजय फोगाट सहित स्कूल स्टाफ का सहयोग भी रहा।

# बाल विवाह और प्रसव पूर्व की दी जानकारी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सुचेतना संस्था की सिस्टर शारदा ने ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों को बाल विवाह और प्रसव पूर्व की विस्तार से जानकारी दी। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुचने पर उनका बालिकाओं व ग्रामीण लोगों ने सुचेतना संस्था की सपना, सनम, पूजा, दीपाली, करिश्मा के साथ मिलकर गुलदस्ता देकर स्वागत किया। समाज सेविका सपना ने महिलाओं, , किशोरियों और बच्चों को शिक्षा के महत्व पर बताया कि हमारे जीवन में शिक्षा का कितना महत्व है। शिक्षा के बिना सब अधूरे हैं। उन्होंने सरकारी स्कूल की सुविधाओं के बारे में बताया। सभी को अपने माता-पिता का सम्मान करने के लिए समझाया। सुचेतना संस्था के डायरेक्टर फादर डेरिक पिंटू, महिला कोऑर्डिनेटर सिस्टर प्रीति, फादर अरुण के साथ समाज सेविकाओं ने धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया। इस मौके पर केंद्र की कार्यकर्ताओं ने केक कटवाकर फूलों का गुलदस्ता तथा ग्रेडिंग कार्ड उपहार में दिए और हमेशा शिक्षक के बताये मार्ग पर चलने के लिए निर्णय लिया।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# झमाझम बरसात में जलमग्न हुई समस्त कालोनियां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले दो दिन से हो रही झमाझम बरसात से नगर एवं आस पास की समरूत कालोनियां पूरी तरह से जलमग्न हो गई





है। जिस कारण यहां के निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गंगापुर रोड, भूरारानी रोड़, काशीपुर रोड़, किच्छा रोड़, आवास विकास, सिंह कालोनी, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, फुलसुंगा, फुलसुंगी, पहाड़गंज, दरियानगर, रविन्द्र नगर, जगतपुरा, ट्रांजिट कैम्प, प्रीत विहार , फाजलपुर महरौला, सुभाष कालोनी, सीर गोटिया, खेड़ा, रम्पुरा, भूत बंगला, ईश्वर कालोनी सहित नगर व आस पावस की आवासीय कालोनियों में निरंतर हो रही बरसात ने लोगों की दिनचर्या को काफी प्रभावित कर दिया है। नगर के बीच से होकर गुजर रही कल्याणी नदी कब अपना रौद्र रूप दिखा दे इसको लेकर सभी सहमे हुए हैं। हांलांकि प्रशासन ने नदी के मध्य एवं किनारे अवैध रूप से बसे परिवारों को पूरी तरह से दिन रात सतर्कता बरते के निर्देश दे दिए हैं। परंतु इस समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए शासन प्रशासन पिछले कई दशकों से काई भी ठोस कदम नहीं उठा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि बरसात जल्द नहीं रूकी तो यहां जलभराव से समस्या काफी विकट हो जायेगी। जिन कालोनियों को जाने वाले मार्ग जर्जर हालत में हैं और जहां पानी की निकासी के लिए नालियां नहीं बनाई गई हैं या टूट चुकी हैं वहां के लोगों के लिए परेशानियां काफी बढ़ गई हैं।

# 56 बोतल कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई। पुलिस ने 56 बोतल अवैध कच्ची शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त बाइक को भी सीज कर दिया है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत दफा 60 में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के निर्देशन पर थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव, प्रतापपुर चौकी इंचार्ज विजेंद्र कुमार ने पुलिस टीम के साथ नशे के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति बाइक पर भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब की बिक्री करने जा रहा है। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव, चौकी इंचार्ज विजेंद्र कुमार ने अपनी टीम के साथ ग्राम सडा सडिया नहर के समीप चेकिंग अभियान चलाया। बाईक पर सवार होकर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया पुलिस को देखकर डर गया और वापिस मुड़कर भगाने का प्रयास करने लगा तो पुलिस ने उसे मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बाइक की टंकी पर सफेद रंग के प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी ली तो और सफेद रंग के कट्टे के अंदर छोटे, बड़े 278 पाउच बरामद हुए। 54 बोतल अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक यूके-06एवाई 3580 को अपने कब्जे में लेकर सीज कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ग्राम कच्ची खमरिया निवासी मलकीत सिंह उर्फ काकू बताया। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने बताया कि आरोपी मलकीत सिंह भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब की बिक्री खटीमा के झनकाईया ग्राम टेडाघाट बेचने जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत दफा साथ में मुकदमा दर्ज कर और आरोपी के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। देवेंद्र गौरव ने बताया कि नशे का कारोबार करने वाले किसी भी अपराध ी को बख्शा नहीं जाएगा। पकड़े जाने पर जेल के सलाखों में भेजा जाएगा।

# ओबीसी मोर्चा ने आयोजित किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

गदरपुर( उद संवाददाता)। ग्राम सकैनिया में ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अरविंद पाल एवं मंडल मंत्री तरुण कुमार द्वारा आयोजित कार्यक्रम किया गया 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण होने वाले बच्चों को वोट बनवाने के लिए प्रेरित



किया एवं बच्चों को वोटर फॉर्म भरकर अधिक से अधिक लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए वोट बनवाने की अपील की। कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा के जिलाअध्यक्ष राजेंद्र सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा नरेश हुड़िया, जिला सहसंयोजक गौरव शर्मा ,मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका संतोष गुप्ता,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय चौधरी, हरलोक सिंह नामधारी, त्रिलोक कंबोज,जसवीर चीमा ,अमित सैनी,करन अरोड़ा सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रूद्रपुर में विशाल श्री बालाजी दरबार एवं श्याम संकीर्तन आज शाम

## भजन गायिका परविंदर पलक और अमन सांवरिया करेंगे बाबा का गुणगान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बाबा भक्त मण्डल की ओर से विशाल श्री बालाजी दरबार एवं श्री श्याम संकीर्तन की तैयारियां पूरी हो गयी है। विशाल दरबार एवं सकीर्तन शाम सात बजे से शुरू होगा जिसमें फतेहाबाद हरियाणा की मशहूर टीसीरिज भजन गायिका परविंदर पलक और रूद्रपुर के प्रसिद्ध भजन गायक अमन सांवरिया बालाजी महाराज और श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। जानकारी देते हुए बाबा भक्त मण्डल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल ने बताया कि द्वितीय श्री बालाजी दरबार एवं श्री श्याम संकीर्तन को भव्य और यादगार बनाने के लिए पिछले करीब एक माह से तैयारियां की जा रही थी। तैयारियां आज पूरी हो गयी हैं। आज शाम सात बजे से सुविधा होटल के सामने जी मार्ट के निकट श्री बालाजी दरबार और श्री श्याम संकीर्तन शुरू होगा। दरबार से पूर्व विशाल भण्डारा भी आयोजित किया जायेगा। भजन संध्या में धूम मचाने के लिए इस बार हरियाणा की मशहूर टी-सीरीज भजन गायिका परविंदर पलक और रूद्रपुर के प्रसिद्ध भजन गायकअमन सांवरिया को आमंत्रित किया गया है। भजन संध्या का शुभारम्भ शहर के वरिष्ठ उद्योगपति एवं समाजसेवी हरीश मुंजाल द्वारा किया जाएगा। विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, मेयर रामपाल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, समाजसेवी बंसीधर गुम्बर, समाजसेवी विजय भूषण गर्ग, समाजसेवी संजय ठुकराल को आमंत्रित किया गया है। जबकि यजमान की भूमिका में उद्योगपति एवं समाजसेवी विजय अग्रवाल व राजेन्द्र कुमार मैनी रहेंगे। दरबार से पूर्व विशाल भंडारा भी आयोजित किया जायेगां इसके अलावा अनंत ज्योति, आलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, छप्पनभोग एवं फूलों की होली आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। श्री मुंजाल ने शहर एवं आस पास के सभी धर्म प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा का गुणगान सुनने की अपील की है।



# गुरमत मुकाबला प्रतियोगिता में प्रथम रहे देवेंद्र सिंघ अव्वल

## सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

गदरपुर( उद संवाददाता)। मीरी पीरी खालसा अकैडमी रतनपुरा/ नवाबगंज की प्रबंधक कमेटी द्वारा तीसरी बार ग्रंथी सिंघ,कथा वाचक ,कविश्री जत्था, ढाढ़ी, रागी जत्था एवं प्रचारकों के लिए विचार गोष्ठी एवं गुरमत मुकाबला का आयोजन





किया गया ,जिसमें 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया । प्रथम से 10 नंबर तक रहे विजेताओं को नगद धनराशि एवं शील्ड के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किए गए प्रदान किए गए अन्य प्रतिभागियों को भी उत्साहवर्धन हेतु नगद धनराशि और प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया । गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद साहिब सर नवाबगंज के जत्थेदार वीर अनूप सिंह के दिशा निर्देशन में रखे गए गुरमत मुकाबले में लिखित और मौखिक परीक्षा के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया । इस दौरान लिखित एवं मौखिक परीक्षा में प्रथम देवेंद्र सिंघ गदरपुर,द्वितीय आत्मा सिंह बिलासपुर ,तृतीय हरविंदर सिंह, चतुर्थ ज्ञान सिंह ,पंचम राम सिंह, षषटम बलराज सिंह ,सप्तम बलदेव सिंह, अष्टम हरप्रीत सिंह, नवम गुरप्रीत सिंह एवं दशम राजेंद्र सिंह रहे जिन्हें वीर अनूप सिंह एवं अन्य गणमान्य द्वारा घोषित धनराशि शील्ड एवं प्रमाण पत्र भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई । इस दौरान वीर अनूप सिंह ने कहा, गुरुमत मुकाबला का उद्देश्य सिख धर्म की शिक्षाओं, इतिहास, सिद्धांतों तथा गुरु वाणी की जानकारी देना है उन्होंने कहा लगातार 3 वर्ष से करवाया जा रहा गुरमत मुकाबला हर वर्ष जारी रहेगा उन्होंने आगामी गुरमत मुकाबले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपना योगदान दिए जाने का आह्वान किया । इस दौरान दूर दराज के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्र के गुरुद्वारा एवं सेवादारों की समस्याओं को भी उठाया और निराकरण तथा समाधान के लिए मार्गदर्शन मांगा । वीर अनूप सिंह द्वारा उन्हें हर संभव योगदान एवं सहायता दिए जाने का आश्वासन दिया गया ।गुरमत मुकाबले में मीरी पीरी खालसा अकैडमी की प्रधानाचार्य मनदीप कौर, उप प्रध ानाचार्य हरमनजोत सिंह, गुरमत मुकाबला इंचार्ज सुखविंदर सिंह के दिशा निर्देशन में गुरमत मुकाबले की रूपरेखा तैयार की गई । निर्णायक, बुकलेट परीक्षण एवं मौखिक परीक्षा इंचार्ज की भूमिका का उत्तर प्रदेश सिख मिशन और उत्तराखंड सिख मिशन के हरजिंदर सिंह,करम सिंह श्री अमृतसर,मनजीत सिंह, सतनाम सिंह,दलविंदर सिंह, गुरशरण सिंह कलसिया,जगविंदर सिंह गुरदासपुर ,नरेंद्र सिंह ,हरजीत सिंह रागी,पलविंदर सिंह ,गुरपाल सिंह, जगदेव सिंह, जगदीश सिंह, जगजीत सिंह ,मनजिंदर सिंह, सिख मिशनरी कॉलेज बरेली के प्रोफेसर कश्मीर सिंह प्रचारक द्वारा निर्वाह किया गया । समाजसेवी प्रतिपाल सिंह,डॉ. अमर सिंह,दर्शन सिंह द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया प्रतियोगिता में भाई रणधीर सिंह, जगतार सिंह,प्रेम सिंह,खजान सिंह,अमरीक सिंह, अमनदीप सिंह,हरदीप सिंह,राम सिंह, सिमरजीत कौर,जसमीत कौर, इश्मीत कौर,बलजीत कौर आदि शामिल थे । अकादमी केअध्यापक गण परमिंदर सिंह,सुखवंत सिंह, जितेंद्र कौर, प्रताप सिंह, बलविंदर कौर, सतनाम कौर, अमरजीत कौर ,मिलनदीप कौर, हरजीत कौर,नवदीप सिंह,बलजीत कौर, करन जीत कौर, बलविंदर कौर ,दलजीत सिंह, सत्येंद्र पाल सिंह, खुशवंत कौर ,गुरमन दीप कौर ,सत्येंद्रपाल सिंह के अलावा कक्षा 11 के मेहताब सिंह,गुरशरण सिंह, जसप्रीत सिंह, कक्षा 10 के मेहताब सिंह,प्रिंस सिंह ,शरणजीत सिंह, रश्मीत सिंह, नमनदीप सिंह, कक्षा 9 के चिन्मय गुंबर,रमजोत सिंह, खुशदीप सिंह, अंशदीप सिंह का विशेष योगदान रहा।

# जयंती पर पंडित गोविंद बल्लभ पंत को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत देश का गौरव है,और देश की आजादी के बाद पंडित पंत के नेतृत्व में देश ने नई ऊंचाइयों को छुआ, देश के गृहमंत्री और उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य के मुख्यमंत्री पद को उन्होंने सुशोभित किया,जो हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। श्रीमती शर्मा ने कहा





कि आज हम उनके जन्मदिन के अवसर पर उन्हें शत-शत नमन करते हैं, और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं । श्रीमती शर्मा रविवार को सुबह खेड़ा स्थित आशुतोष विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक हाई स्कूल में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इससे पूर्व उन्होंने दीप प्रज्वलित कर और पंडित पंत के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बाद में स्कूल के दो दर्जन शिक्षकों और शिक्षिकाओं को उन्होंने मैडल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक राम प्रकाश गुप्ता सहित मुकेश पाल, मनोज कुमार, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, रजनीश,ग्रीस राठौर, बाबू पाल, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# जयंती पर भारत रत्न पंडित पंत को किया नमन

रूद्रपुर( उद संवाददाता )।भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जी के जन्म दिवस के अवसर पर कलक्ट्रेट में मुख्य






विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, ओसी अमृता शर्मा, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय ने श्री पंत के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद वासियों को श्री पंत जी की जयंती पर शुभकामना व बधाई दी। उन्होने कहा कि हमे पंत जी के मार्ग दर्शन पर चलना चाहिये व समाज के हित में काम करना चाहिये ताकि समाज में एक अच्छा संदेश मिले। उन्होने कहा कि सकारात्मक सोच व जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिये। उन्होने पंडित पंत जी के जीवन परिचय को बताते हुए कहा कि उनके कार्यो को हमेशा याद रखना होगा। उन्होने कहा कि पंत जी सदैव देश के लिये समर्पित रहे। पं0 गोविन्द बल्लभ पंत जी आज भी प्रशासकों के आदर्श हैं, हमें पं0 पंत जी के आदर्शों, को अपनाते हुये हमे राष्ट्र, समाज की सेवा के लिए तत्पर रहना होगा। उन्होने कहा सभी कर्मचारी/अधिकारी अपने दायित्वों का ईमानदारी के साथ निर्वहन करे यही महापुरूषो को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होने कहा कि हमे अपने परिवारों के सदस्यों के साथ अपने महापुरूषों के बारे में जानकारी साझा करनी चाहिए इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान ओसी अमृता शर्मा, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय, तहसीलदार पूजा शर्मा सहित कलेक्ट्रेट के कर्मचारी/अधिकारीगण थे।

## शिक्षक डा. पांडे ने किया कॉलेज का नाम रोशन

गदरपुर (उद संवाददाता)। सर्व इंडिया इंटर कॉलेज के अध्यापक समाजशास्त्र के प्रवक्ता डॉ. संदीप कुमार पांडे ने विद्यालय का नाम किया रोशन किया है। डॉ. पांडे राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद देहरादून के निर्देशानुसार जिला शिक्षा व प्रशिक्षण



संस्थान, उधम सिंह नगर में आयोजित जिला स्तरीय कला प्रतिभा प्रति योगिता में शिक्षक वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन्हें वर्ष 2022 का राज्य स्तरीय कला प्रतिभा सम्मान भी मिल चुका है । डायट प्राचार्य प्रेमचंद चौहान, डीएस राजपूत, चेतन मिश्रा एवं सीमा त्रिवेदी ने संयुक्त रूप से डॉ.पांडे को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया। डा. पांडे की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य अनिल द्विवेदी, अंजलि जगाती शाह, मुक्ता प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, सतीश कुमार, देव सिंह, अमित कुमार, महेश सिंह, उमाशंकर द्विवेदी, शिव शंकर गौतम, सुरेंद्र यादव, जितेंद्र कश्यप इत्यादि के साथ-साथ विद्यालय के समस्त छात्र -छात्राओं ने डॉ. पांडे के सराहनीय प्रयास के लिए बधाई दी।

## नशे के खिलाफ बच्चों को किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जेसीआई रूद्रपुर क्वींस संस्था ने जेसीआई सप्ताह के तीसरे दिन कोलम्बस पब्लिक स्कूल बच्चों को डा॓ दीपिका जैन ने बच्चों को तंबाकू और नार्कोटिक्स से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। जबकि डॉ. प्रीति अरोड़ा ने बच्चों को नेरिक्टिक्स और के दोनों पीडी जेसी अनीशा बेहड़ व जेसी दिव्या गुप्ता द्वारा कार्यक्रम को सुंदर तरीके से व्यवस्थित किया गया। जेसी आई रूद्रपुर क्वीन की टीम अध्यक्ष जेसी जैन, जेसी दीप्ति अग्रवाल, जेसी स्वाति जैन, जेसी रुचि मित्तल, जेसी शालिनी अग्रवाल, जेसी रुचि जैन, जेसी सौम्या अदलखा, जेसी रुचि खण्डेलवाल,






ड्रग्स और नार्कोटिक्स से बचने और उनके दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरुआत सस्था की अध्यक्ष जेसी अनुराधा जैन लोहिया ने आस्था पाठ से की। इसके बाद जेसी मनोविज्ञान के बारे भी समझाया। बच्चों ने यह शपथ भी ली कि वह कभी भी इस चीज का सेवन नहीं करेंगे। दोनों वक्ताओं नें बच्चों के मन में उठ रहे सारे सवालों का जवाब भी दिया। कार्यक्रम अनुराधा जैन लोहिया, सचिव जेसी एडवोकेट आस्था गर्ग अग्रवाल , कोषाध्यक्ष जेसी इंशा कुमार,जेसी अनिशा बेहड़, जेसी प्रियंका अग्रवाल, जेसी डॉ. दीपिका जैन, जेसी सारिका जेसी डॉ. प्रीति अरोड़ा, जेसी दिव्य गुप्ता, जेसी तान्या अग्रवाल,जेसी सोनिया अरोड़ा ने बच्चों को जागरूक करने में सहयोग करने पर कोलंबस स्कूल के प्रिंसिपल और मैनेजमेंट का धन्यवाद किया।






## उत्तराखंड प्रदेश सेपक टकरा सीनियर पुरुष वर्ग टीम का चयन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सेपक टकरा एसोसिएशन उत्तराखंड द्वारा श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में उत्तराखंड प्रदेश की सेपक टकरा सीनियर पुरुष वर्ग टीम का चयन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष आरपी शर्मा ने बताया कि चयनित टीम गोवा में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में विशेष प्रशिक्षण शिविर के उपरांत प्रतिभाग करेगी। श्री शर्मा ने बताया कि उत्तराखंड की पुरुष टीम ने सेपक टकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय में गोवा में होने वाले राष्ट्रीय खेलो हेतु क्वालीफाई किया है। चयन समिति में राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं स्पोर्ट्स स्टेडियम की प्रशिक्षका कुमारी प्रगति दुमका, गौरव जोशी प्रशिक्षक, हल्द्वानी स्टेडियम की प्रशिक्षका कुमारी किरण मौर्य एवं कुमारी दिव्या गोस्वामी द्वारा 10 सदस्यीय उत्तराखंड प्रदेश की सेपक टकरा टीम का चयन किया गया। इस अवसर पर सेवक टकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. नागेंद्र शर्मा



ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में लोकेश शाह, आशीष सिंह, मंगल सिंह, गौरव बिनवाल, तेजस्वी कुमार, राहुल जोशी, जतिन सिंह बसेड़ा, राजेश कुमार, नवनीत डसिला एवं संजय शाह को शामिल किया गया। डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथि विकास ने खिलाड़ियों के खेल की सराहना कर भविष्य में इस खेल में हर संभव सहायता करने को कहा तथा गोवा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों में अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ राजेश कुमार, अंकुश रौतेला व योगेश पांडे मौजूद थे।

## तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष बने गंगा सिंह



पन्तनगर( उद संवाददाता)। एडिएंट कर्मकार यूनियन पंतनगर, रुद्रपुर का द्विवर्षीय तृतीय अधिवेशन जेकेजी फूड महल, दिनेशपुर रोड जयनगर नं- 5में सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिथलेश जोशी के संचालन में सम्पन्न हुआ। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री शेखरानंद पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर झण्डा रोहण किया और सभा में उपस्थित भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री दीपेंद्र भट्ट ,जिला संगठन मंत्री अजीत चौहान एडिएंट कर्मकार यूनियन द्वारा सभा स्थल को नारों की गूँज के साथ पूरा माहौल गुंजायमान कर कर दिया, उसके पश्चात श्रमिक गीत गाया, एडिएंट कर्मकार यूनियन के अधिवेशन में प्रत्याशियों ने भागीदारी करी जिसमें से 9 सदस्यीय कार्यकारिणी चुनी गयी, इस नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष गंगा सिंह मेवाड़ी, उपाध्यक्ष राम सिंह , महामंत्री पवन नेवालिया, संयुक्तमंत्री देवकीनंदन, कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह वोहरा, संगठन मंत्री किशन सिंह , प्रचार मंत्री देवव्रत सरकार , कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद पुनेठा , कार्यकारिणी सदस्य प्रेम सिंह नेगी को पदों पर मनोनित किया गया। इस दौरान मोहन जोशी,संजीव,धर्मेंद्र,वीर सिंह,चंदन,कैलाश,दीपक,कुंदन आदि मौजूद रहे।





# श्यामा पहुंची नटखट श्याम सुन्दर से नृत्य सीखने

## चतुर्थ दिवस डा. बठला परिवार ने की पूजा अर्चना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा एवं श्री सनातन धर्म युवा मंच द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित प्रभु श्री कृष्ण की लीला मंचन के चौथे दिवस की लीला का शुभारम्भ मुख्य यजमान के रूप में डा. मदनलाल बठला उनकी पत्नी श्रीमती सुदेश बठला, पुत्र डा. नितिक बठला पुत्रवधू मनप्रीत कौर बठला ने दीप प्रज्वलित कर किया। । पं. कैलाश चन्द्र शर्मा एण्ड पार्टी वृन्दावन के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्री कृष्ण की लालाओं को देख उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गये। श्री कृष्ण के भजनों को सुनकर सारे भक्तजन भक्ति में मग्न होकर नाचने लगे। श्री कृष्ण लीला के चतुर्थ दिवस पर कलाकारों ने गोपियों तथा श्री कृष्ण की रासलीलाओं का सुन्दर मंचन कर श्रद्धालुओं की खूब वाहवाही लूटी। राधा अपनी सखियों से कहती है कि वह श्याम सुन्दर जी से नृत्य सीखने जायेंगीं जिस पर उसकी सखियां कहती हैं कि श्याम सुन्दर तो नटखट हैं, चोर हैं उनके पास नृत्य सीखने मत जाओ। परंतु राधा कहती है कि वह तो श्याम सुन्दर से ही नृत्य सीखेंगी। वह इतना कहकर श्याम सुन्दर के पास पहुंचती है। राधा को सामने देख श्याम सुन्दर ने सादर प्रणाम किया और श्यामा से आने का कारण पूछा तो श्यामा बोली वह यहां नृत्य सीखने के लिए आई हैं। श्याम सुन्दर ने कहा कि उनसे ज्यादा अच्छा तो तुम्हारी सखियां नृत्य करना जानती हैं। परंतु श्यामा श्याम से ही नृत्य सीखने की जिद करने लगी। बातों बातों में श्याम सुन्दर ने श्यामा की अंगूठी चुरा ली। इस मौके पर श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, विजय जग्गा, शिवम जग्गा, मुलखराज ठुकराल, अमित अरोरा बॉबी, विजय विरमानी, हरिचन्द मिड्ढ़ा, अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, संदीप धीर, सुरेश राजदेव, अजय ठुकराल, राकेश सुखीजा, शशि अरोरा, पिंकी ग्रोवर, किरन जग्गा, सीमा दुनेजा, कंचन ग्रोवर, राज वर्मा, सोनिया अरोरा, सुभाष अग्रवाल, रीश अरोरा, अजय ठुकराल, राकेश सुखीजा, सचिन तनेजा, गौरव तनेजा, सुमित बब्बर, रोहित जग्गा, महावीर आजाद, मदन ग्रोवर, राजन राठौर, शिवम जग्गा, शशि अरोरा, पिंकी ग्रोवर, किरन जग्गा, सीमा दुनेजा, कंचन ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, जीवन फुटेला आदि मौजूद थे।











## मंडलीय बैठक में बीमा कर्मियों ने सरकार को कोसा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जीवन बीमा निगम के डीटीसी हाल में मण्डलीय कार्यकारिणी की बैठक हुई । सभा में बिलासपुर , रूद्रपुर, काशीपुर, रामनगर, नैनीताल, पिथौरागढ़ , खटीमा, रामपुर, नगर शाखा प्रथम व द्वितीय,, पंतनगर, काशीपुर के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । सभा में वक्ताओं ने कहा कि सरकार और आईआरडीए की सार्वजनिक क्षेत्र विरोधी नीतियां एलआईसी के लिए नुकसानदायक हैं। सरकार एलआईसीसी का और अधिक विनिवेश करना चाहती



है और अभिकर्ताओं के भी नियमों में बदलाव कर रही है । अत: सबको एकजुट होकर इन नीतियों का विरोध करना है और सरकार की नापाक मंशा से जनता को आगाह करने के लिये जन अभियान चलाने की जरूरत है ।सभा की अध्यक्षता मनोज गुप्ता एवं संचालन राकेश शर्मा ने किया ने किया। बैठक में सुरेश नौगाई, राकेश चंद्र पांडेय, भगवान दास, लकी तिवारी, हरिओम, जाकी प्रसाद पंत, अमर सिंह नेगी, महेंद्र सिंह बोरा, गौरव खाती, विनय त्रिपाठी, पीसी पाठक, दीवान सिंह, पंकज त्रिपाठी, विजय सिंह अधिकारी, डी के पाण्डे आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।



# गदरपुर में जलभराव ने बढ़ाई मुश्किलें

गदरपुर(उद संवाददाता)। तीन दिनों से लगातार हो रही बरसात ने जहां एक ओर जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। वही नगर के कई स्थानों पर पानी की निकासी न होने पर जल भराव की स्थिति पैदा हो गयी।इसी दौरान अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज के सामने से गुजर रहा नाला चोक हो जाने के कारण पानी का अधिक बहाव होने से इंटर कालेज गेट के साथ की दीवार टूट गयी जिससे पानी स्कूल के पूरे परिसर में घुस जाने से तालाब की स्थिति बन गयी है। जिससे स्कूल खुलने पर छात्रों को काफी परेशानी का सामना पड़ रहा है । इस संबध में प्रधानाचार्य परशुराम दिवाकर ने इंटर कालेज के सामने से नगर के पानी निकासी के लिए निकल रहा नाला कई दिनों से आगे से बंद हो चुका था जिससे पानी की निकासी बंद हो चुकी थी। इस संबंध में पालिका प्रशासन एवं पालिकाध्यक्ष को लिखित एवं मौखिक रुप से अवगत करवाया गया था कि यदि इस नाले की सफाई नहीं करवायी गयी तो बरसात के दिनों में इससे पानी के बहाव से स्कूल को काफी नुकसान पहुंच सकता है। पालिका में हडताल के चलते नाले की सफाई नहीं हो पायी और विगत 3 दिनों से हो रही बरसात से नाले का पानी आगे बंद होने के कारण पानी का बहाव अधिक हो गया जिससे मुख्य रोड के सामने की इंटर कालेज के गेट के पास की दीवार टूट गयी और पूरे नाले का पानी स्कूल परिसर में भर गया है। जिससे स्कूल खुलने पर स्कूल के बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा । इस संबंध में प्रधानाचार्य ने बताया कि कालेज की दीवार टूटने की जानकारी लिखित रुप से जिलाधिकारी को भेजी जायेगी जिससे भविष्य में स्कूल परिसर में पानी न घुस सके। इसके अतिरिक्त नगर के गूलरभोज रोड पर नाली की सफाई न होने के कारण दुकाने के आगे भी पानी का जल भराव हो गया जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही ठंडी नदी का पानी मुक्तिधाम परिसर में एक से डेढ़ फुट तक भर जाने से शव दाह के लिए रखी लकड़िया भी गीली हो गई है मुक्तिधाम परिसर में शवदाह करने आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है अनाज मंडी परिसर में भी एक से डेढ़ फीट तक पानी भर जाने से अनाज लेकर आने वाले किसानों को भी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है । आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश घीक ने बताया कि कुछ दिन पूर्व आयोजित तहसील दिवस में जिलाधिकारी महोदय को ठंडी नदी संकरी होने के कारण जल भराव की आशंका के लिए ज्ञापन देकर ठंडी नदी की गहराई बढ़ाने और बाढ़ से बचाव के लिए गुहार लगाई थी परंतु भारी बरसात और ठंडी नदी में किए गए अतिक्रमण के कारण संकरी हुई नदी से जल निकासी नहीं होने से अनाज मंडी में पानी भर चुका है वहीं क्षेत्र के अनिल इलाकों में भी भारी बरसात के कारण घरों में पानी घुसने से घरों में रखा सामान नष्ट हो चुका है ।



# वरिष्ठ कवि सुबोध शर्मा को मिला काव्य भारती सम्मान




गदरपुर(उद संवाददाता) । विश्व कीर्तिमान स्थापित पटल, द मैजिक मैन एन चंद्रा फाउंडेशन द्वारा संस्थापक नरेश जोशी के आयोजन व संयोजन में महाकवि गुलाब खंडेलवाल की स्मृति में महाकवि गुलाब खंडेलवाल साहित्योत्सव 2023 का समापन समारोह राणा उदय सिंह की, कला, साहित्य व संस्कृति को समर्पित खूबसूरत नगरी उदयपुर, राजस्थान में एक सितम्बर से तीन सितम्बर 2023 को मानगढ़ में संपन्न हुआ। वीर प्रसूता मेवाड़ की माटी में देश-विदेश के प्रख्यात साहित्यकारों, अतिथियों के समागम में मानगढ़ पैलेस रिसोर्ट में एक भव्य-दिव्य काव्य कुंभ संपन्न हुआ। सम्मान समारोह में रचनाकारों की अद्भुत अनुपम काव्य प्रस्तुतियों मुंबई से पधारे गजल गायक राजोरिया दंपति की गजल गायिकी बॉलीवुड फिल्मों के लिए गीत लिखने वाले गीतकार शेखर अस्तित्व के गीतों, महाकवि स्व. गुलाब खंडेलवाल की पुत्रवधू शोभा खंडेलवाल, (प्रबंधक) अंतर्राष्ट्रीय व्यंगकार डॉ. हरीश नवल (अध्यक्ष) महा प्रबंधक नरेश जोशी सचिव ऐसे प्रसिद्ध पटल पर वरिष्ठ कवि सुबोध कुमार शर्मा शेरकोटी गदरपुर ऊधम सिंह नगर उत्तराखंड को घ्काव्य भारती सम्मानघ् से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के 500 कवियों ने प्रतिभाग किया। श्री शर्मा ने साहित्य के श्रेत्र में गदरपुर का नाम रोशन किया है। नगर के सभी संगठनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं,साहित्यकारों ने सुबोध कुमार शर्मा को बधाई दी है।

## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### महंगाई जेब पर भारी

यकीनन इस समय बढ़ती हुई महंगाई लोगों की जेब पर भारी पड़ रही है। महंगाई के लिए खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच इस समय सऊदी अरब और रूस द्वारा कच्चे तेल उत्पादन में कटौती के निर्णय से कच्चे तेल की कीमतें पिछले 10 माह के उच्चतम स्तर लगभग 90 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचने से महंगाई की चुनौती और कठिन हो गई है। ऐसे में सरकार के लिए महंगाई कम करना बड़ा मुद्दा बन गया है। यद्यपि केंद्र सरकार ने 29 अगस्त को घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपए घटाकर बड़ी राहत दी है, लेकिन आम आदमी सरकार से खाद्य पदार्थों की कीमतों के साथ-साथ पेट्रोल-डीजल के दामों में कुछ कमी की भी अपेक्षा कर रहा है। हाल ही में 5 सितंबर को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जुलाई 2023 में जो मुद्रास्फीति सप्लाई चेन के झटकों के कारण ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है, उसे कम करने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुसार जून 2023 में जो खुदरा महंगाई दर 4.87 फीसदी थी, वह माह जुलाई में 15 महीने के उच्चतम स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई है। खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण खुदरा महंगाई दर केंद्र सरकार के 6 प्रतिशत की तय ऊपरी सीमा से अधिक है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए खुदरा महंगाई दर का अनुमान बढ़ाकर 5.4 फीसदी कर दिया है। इस समय खाद्य कीमतों में तेज बढ़ोतरी के कई कारण उभरकर दिखाई दे रहे हैं। काला सागर अनाज समझौता खत्म करने के रूस के फैसले और गेहूं उपजाने वाले प्रमुख क्षेत्रों में बारिश नहीं होने के कारण अनाज के दाम बढ़ गए हैं। देश में फसलों पर सफेद मक्खी के प्रकोप और मॉनसूनी बारिश के असमान वितरण से भी सब्जियां महंगी हुई हैं। स्थिति यह है कि सीमित आपूर्ति के कारण देश में थोक गेहूं की कीमतें पिछले दो महीनों में तेजी से बढ़ी हैं। सरकार के गोदामों में भी गेहूं के स्टॉक में कमी आई है। बाजार में नकदी ज्यादा रहने से भी महंगाई बढ़ी है। मौसम विज्ञानियों ने इस बार अलनीनो के हावी रहने से भारत का 30 सितंबर तक का मानसून सीजन सामान्य से कम यानी 94 फीसदी से कम बारिश के साथ समाप्त होने की बात कही है। मौसमी विज्ञानियों के मुताबिक अलनीनो के अगले साल मार्च-अप्रैल तक इसी स्थिति में रहने की संभावना है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश में खाद्य कीमतों के कारण बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार और आरबीआई कई प्रयासों के साथ आगे बढ़े हैं। 24 अगस्त को आयोजित आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक में टमाटर सहित अन्य सब्जियों की बढ़ती कीमतों के कारण ब्याज दर को न बदलते हुए 6.5 प्रतिशत रखने का महत्वपूर्ण फैसला किया गया है। केंद्र सरकार के द्वारा खाद्य पदार्थों के निर्यात पर लगातार सख्ती बरती जा रही है। पिछले साल रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद कम उत्पादन के कारण गेहूं के निर्यात पर जो पाबंदी लगाई थी, वह अब तक जारी है। सरकार ने बासमती चावल के निर्यात के लिए 1200 डॉलर प्रति टन को न्यूनमत मूल्य तय किया है। प्याज पर 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगाया है। केंद्र ने 25 अगस्त से उबले चावल के निर्यात पर भी 20 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। गेहूं और चावल की बढ़ती कीमतों को काबू करने की कोशिश में सरकार जुटी हुई है। इसलिए सरकार ओपन मार्केट सेल स्कीम (ओएमएसएस) के जरिए रियायती दर पर गेहूं और चावल दोनों बेच रही है।

# समुद्र पर दिखाई देने लगा जलवायु परिवर्तन का संकट

जलवायु परिवर्तन का संकट अब धरती से लेकर समुद्र तक स्पष्ट दिखाई देने लगाा। जहां धरती गर्म हो रही है, वहीं समुद्र ठंडा नहीं हो पा रहा है। लिहाजा मनुष्य समेत अन्य प्राणियों के दोनों ही रहवासों के तापमान में वृद्धि हो रही है। इस गर्मी का सबसे ज्यादा असर अमेरिका और यूरोप में अनुभव किया गया। इसकी वजह एएमओसी सिस्टम (अटलांटिक मेरिडियोनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन) का कमजोर होना है, जो ताप को पूरी धरती में बांटता हैं। दरअसल हम ईंधन जलाकर कारखानों, वाहनों, ऊर्जा संयंत्रों और पराली जलाने में जितनी ऊर्जा पैदा करते हैं, उसकी करीब 60 गुना यानी 1000 टेरावॉट ऊर्जा धरती के पारिस्थितिकी तंत्र और समुद्री जल के जरिए उष्णकटिबंधीय से उत्तरी ध्रुव की ओर भेजता है। इसमें भी करीब आधा पानी उत्तरी अटलांटिक सागर में जाता है। यह गर्म पानी तटों के साथ-साथ उत्तर की ओर बढ़ता है और समुद्र में डूबता जाता है। इसके बाद यह पानी वापस दक्षिण की ओर आता है। इसमें क्षार की मात्रा बढ़ती जाती है। लिहाजा समुद्र और धरती दोनों का ही तापमान बढ़ जाता है। एएमओसी तंत्र कमजोर पड़ने के कारण समुद्र तटीय इलाकों में समुद्र का पानी ज्यादा खरा हो रहा है, नतीजतन ताप एक समान मात्रा में धरती पर नहीं पहुंच रहा। यही वजह है किइस बार दक्षिण-पश्चिम अमेरिका, यूरोप, भूमध्यसागरीय देश और चीन में ज्यादा गर्मी पड़ी। 17 जुलाई 2023 को 120 साल के भीतर सबसे ज्यादा गर्म दिन दर्ज किया गया है। ऐसे कारणों से जहां समुद्र में ऑक्सीजन घट रही है, वहीं अग्नि तत्व में वृद्धि हो रही है। इस अग्नि में वैज्ञानिक भविष्य का ईंधन भी तलाश रहे हैं। मौसम में बदलाव की आहट का असर समुद्र की सतह में भी दिखाई देने लगा है। इस असर से समुद्र की परिस्थितिकी (इकोसिस्टम) तंत्र के गड़बड़ाने का संकट है। इस वजह से समुद्र की ऐसी तलहटियों में ऑक्सीजन की मात्रा कम होती जा रही है, जहां पहले से ही ऑक्सीजन कम है। समुद्री ऑक्सीजन की गिरावट जारी रही तो तय है कि ऐसे समुद्री जीवों के मरने का सिलसिला शुरू हो जाएगा जिन्हें मनुष्य भोजन के रूप में इस्तेमाल करता है। खाद्यान्न की इस कमी के कारण भी समुद्र तटीय इलाकों से लोगों को पलायन करना पड़ेगा, जो पर्यावरण शरणार्थियों की संख्या में इजाफा करेगा। यह स्थिति समुद्री रेगिस्तान का विस्तार भी करेगी। ताजा अनुसंधानों से पता चला है कि पिछले 50 सालों में समुद्रों में ऐसे क्षेत्रों का विस्तार हुआ है, जहां ऑक्सीजन की मात्रा में आशातीत कमी दर्ज की गई है। ऐसी आशंका जताई गई है कि इसका सीधा संबंध वैश्विक जलवायु परिवर्तन से है। जानकारों का मत है कि यदि यही हालत बने रहे तो समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र पर विपरीत असर होगा। दरअसल समुद्र की एक निश्चित गहराई पर ऑक्सीजन की मात्रा की न्यूनतम परत होती है। यह परत ऊपर नीचे दोनों तरफ फैल रही है। आमतौर पर जलवायु परिवर्तन के नमूनों से पता चलता है कि मानवीय क्रियाकलापों के कारण समुद्री सतह गर्म होगी तो समुद्र के पानी के मंथन की स्वाभाविक दिनचर्या प्रभावित होगी। ऐसा होने पर भीतर के पानी में ऑक्सीजन नहीं पहुंचेगी।जर्मनी के क्रिएल विश्वविद्यालय के प्रो. लोथर स्ट्रामा के नेतृत्व में किए गए एक अनुसंधान से पता चला है कि उक्त प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। स्ट्रामा और उनके साथियों ने तीन महासागरों में जगह-जगह पर 300 से 700 मीटर तक की गहराई में स्थित परत पर ऑक्सीजन की मात्रा को वैज्ञानिक तरीकों से नापा। इन आंकड़ों की दूसरी सतहों पर मिली ऑक्सीजन की मात्रा से तुलना करने पर मालूम हुआ कि पिछले 50 वर्षों में समुद्र की इस परत में ऑक्सीजन की मात्रा घटती गई है। गौरतलब है कि ये समुद्री रेगिस्तान उन समुद्री मृत क्षेत्रों से अलग हैं, जहां धरती से बहकर आने वाले नाइट्रोजन उर्वरकों की वजह से अचानक शैवाल की वृद्धि होती है। फिर यह शैवाल मरने लगती है। और इन मरती शैवालों पर बैक्टीरिया की वृद्धि होती है। अपनी वृद्धि के दौरान बैक्टीरिया ऑक्सीजन सोख लेते हैं। यानी ज्यादा से ज्यादा पोषण की वजह से ऑक्सीजन खत्म हो जाती है। समुद्री रेगिस्तान की बात करें तो ऑक्सीजन की घटी हुई मात्रा के आधार पर प्रशांत महासागर के पूर्वी कटिबंधीय भाग और हिन्द महासागर के उत्तरी भाग को अध-विशैला कहा जाता है। यहां ऑक्सीजन की मात्रा इतनी कम हो चुकी है कि इकोसिस्टम पर असर पड़ने लगा है। ऐसे अर्ध-विशैले पानी में इतनी ऑक्सीजन नहीं होती कि नाइट्रोजन उससे क्रिया करके नाइट्रेट का निर्माण कर सके, जो कई जीवों के लिए पोषण का स्रोत होता है। इसकी अनुपस्थिति में सूक्ष्म जीवों (प्लवकों) को पोषण नहीं मिल पाता। गौरतलब है कि ये प्लवक ही समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में पोषण का बुनियादी आधार हैं। इन्हीं सूक्ष्म जीवों को आहार बनाकर मछलियों की अनेक प्रजातियां अपना जीवन चक्र जारी रखती हैं। यदि इन मछलियों का जीवन प्रभावित होगा तो स्वाभाविक है खाद्य संकट गहरायेगा। क्योंकि समुद्र तटीय इलाकों की बढ़ी आबादी इन्हीं मछलियों को भोजन बनाती हैं। ग्लोबल वार्मिंग के भारत पर असर की एक खास बात यह रहेगी कि तापमान सर्दियों के मौसम में ज्यादा बढ़ेगा। लिहाजा सर्दियां उतनी कड़क नहीं होंगी, जितनी कि होती रही है। जबकि गर्मियों में मानसून के मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं आएगा। मौसम छोटे होते जाएंगे, जिसका सीधा असर वनस्पतियों पर पड़ेगा। फलस्वरूप कम समय में होने वाली सब्जियों को तो पकने का भी पूरा समय नहीं मिल सकेगा। विभिन्न अध्ययनों ने खुलासा किया है कि सन् 2050 तक भारत का धरातलीय तापमान 3 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बढ़ चुका होगा। सर्दियों के दौरान यह उत्तरी व मध्य भारत में 3 डिग्री सेल्सियम तक बढ़ेगा तो दक्षिण भारत में केवल 2 डिग्री तक। इससे हिमालय के शिखरों से बर्फ पिघलने और वहां से निकलने वाली नदियों में जल बहाव तेज हो जायेगा। इस सब का मानसून पर यह असर पड़ेगा कि मध्य भारत में सर्दियों के दौरान वर्षा में 10 से 20 फीसदी की कमी आ जाएगी और उत्तरी पश्चिमी भारत में 30 फीसदी तक। अध्ययन बताते हैं कि 21 वीं सदी के अंत तक भारत में वर्षा 7 से 10 फीसदी बढ़ेगी लेकिन सर्दियां कम हो जाएंगी। होगा यह कि मानसून के समय में तो जमकर वर्षा होगी, लेकिन बांकी सूखे निकल जाएंगे। पानी कुछ ही दिनों में इतना बरसेगा कि बाढ़ का खतरा आम हो जाएगा और दिसम्बर, जनवरी व फरवरी में वर्षा बेहद कम होगी। जबकि प्राकृतिक खेती के लिए इस बारिश की भी जरूरत होती है। हिमालय की करीब 50 जीवनदायी हिमनद झीलें अगले पांच वर्षों में अपने किनारे तोड़कर मैदानी इलाकों को जलगग्न कर सकती हैं। जिससे करोड़ों का जीवन खतरे में पड़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनडीपी) के वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि बढ़ते तापमान के कारण हिमनदों के पिघलने से नेपाल की 20 और भूटान की 24 हिम झीलों का पानी उफान पर है। अगले पांच वर्षों के दौरान हिमालय की इन 44 हिम झीलों से निकला पानी नेपाल और भूटान के साथ-साथ भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों और अन्य पड़ोसी देशों को भी लील सकता है। जलवायु में निरंतर हो रहे परिवर्तन दुनिया में पशु-पक्षियों की 72 फीसदी प्रजातियों पर विलुप्ति को खतरा मंडरा रहा है। वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड की हालिया रिपोर्ट के अनुसार उन्हें बचाने के लिए अभी समय है। केन्या में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में जारी प्रतिवेदन के अनुसार पर्यावरण में हो रहे विश्वव्यापी विनाशकारी परिवर्तन से सबसे ज्यादा खतरा कीटभक्षी प्रवासी पक्षियों, हनीक्रीपर और ठंडे पानी में रहने वाले पक्षी पेंगुइन के लिए है। पक्षियों ने संकेत देना शुरू कर दिए हैं कि धरती और समुद्र का बढ़ता तापमान ने दुनिया के जीवों के पारिस्थितिकी तंत्र में सेंध लगा ली है। समुद्र के जलस्तर में पिछली एक सदी में हुई वृद्धि चिंता पैदा करने वाली है, वैज्ञानिकों के एक समूह ने कहा है कि मानव जनित कारणों से हो रही ग्लोबल वार्मिंग के चलते पिछली एक सदी में समुद्री जलस्तर इतनी तेजी से चढ़ा है, जितना पिछली 27 सदियों में भी नहीं बढ़ा। वर्ष 1900 से 2000 तक वैश्विक समुद्री जलस्तर 14 से.मी या 5.5 इंच बढ़ा है। अगर ग्लोबल वार्मिंग न होती तो यह वृद्धि 20 वीं सर्दी की वृद्धि की आधी से भी कम होती। उल्लेखनीय है कि तुलनात्मक तौर पर आज वैश्विक औसत तापमान 19वीं सर्दी के अंत के तापमान से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा है, ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को लेकर वैज्ञानिकों द्वारा दी गई यह चेतावनी हमें एक बार फिर से अपने विकास के मॉडल को लेकर पुनर्विचार का आग्रह कर रही है ? बेशक हमारी वैज्ञानिक खोजों ने मानव जाति का जीवन बहुत आसान कर दिया है, उसे सुख-सुविधा से भर दिया है, लेकिन उससे मनुष्येत्तर प्राणियों और पर्यावरण को भारी क्षति हुई है।

**प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार**

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाई पंत जयंती

किच्छा(उद संवाददाता)।भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 136 वीं जयंती यहां राजीव गांधी कम्युनिटी हॉल में हर्षोल्लास से मनाई गई। जिसमें तमाम नगर के स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग अधिकारी कोस्तुभ मिश्रा ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की स्वतंत्रता संग्राम मैं एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।उन्होंने आजादी के बाद तराई को बसाने में अहम भूमिका निभाई आज का तराई कर गए। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं पंत जयंती समारोह की अध्यक्ष हरिश्चंद्र पंत ने भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ को अपनाते हुए अपने जीवन में चरितार्थ करें। इस अवसर पर एस एन पथ स्कूल, जीबी पंत स्कूल, एस के एम ए इंटर कॉलेज, शिशु मंदिर ,सेंट भारद्वाज पब्लिक स्कूल, ऑक्सफोर्ड ,सरस्वती






कार्यक्रम प्रस्तुत कर पंडित गोविंद बल्लभ पंत के जीवन में प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए उप जिला पंडित पंत की दूरदर्शिता का परिणाम है उन्होंने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत संयुक्त प्रांत के प्रधानमंत्री के रूप में तथा उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री के रूप में वह भारत सरकार में गृहमंत्री के पद पर रहते हुए देश और जनता के लिए विशेष कार्य पंत जैसे महान दूरदर्शी लोगों की भारत को आज भी आवश्यकता है। पंडित गोविंद बल्लभ पंत के आदर्शों पर चलकर भारत को विश्व गुरु बनाया जा सकता है। उन्होंने तमाम छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत के आदर्श विद्या मंदिर सहित तमाम स्कूलों के छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, नायब तहसीलदार सुरेश चंद्र बुडला कोटी,गगन पंत, मोहन सिंह ऐरी,सुरेश चावला लीलाधर, बसंत पंत आदि थे।

# आईआईएचएम ने किया गुरुजनों का सम्मान

देहरादून(उद संवाददाता)। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट आफ होटल मैनेजमेंट दिल्ली (आई आई एच एम) द्वारा शिक्षक दिवस सप्ताह समारोह के अंतर्गत शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन दून इंटरनेशनल स्कूल के परिसर में किया गया,आई आई एच एम चौप्टर देहरादून द्वारा आयोजित आठवां शिक्षक दिवस सम्मान समारोह के मौके पर उत्तराखंड के 14 प्रधानाचार्य 18 शिक्षकों को सम्मानित किया गया इस मौके पर दून इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश बर्थवाल को विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने दून ब्लॉसम स्कूल की प्रधानाचार्य कुसुम गोसाई, ग्लेशियर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य संगीता बस्नेत,केवी 1 एचबीके



के प्रधानाचार्य मयंक शर्मा और केवी आईटीबीपी के प्रधानाचार्य संजय कुमार को विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आई आई एच एम के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर डायरेक्टर अब्दुल्ला अहमद और दून इंटरनेशनल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश बर्थवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन आई आई एच एम के वरिष्ठ अधिकारी सुमित सेहरावत ने किया। इस अवसर पर बोलते मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए आई आई एच एम के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर डायरेक्टर अब्दुल्ला अहमद ने कहा कि शिक्षक ही उन्नत राष्ट्र का निर्माण कर सकता है क्योंकि शिक्षकों द्वारा ही एक शिक्षित समाज की कल्पना की जा सकती है जो कि राष्ट्र के चौमुखी विकास के लिए अनिवार्य है उन्होंने बच्चों को अपने गुरुओं का मान सम्मान कर अच्छी शिक्षा ग्रहण करने का आवाहन किया उन्होंने कहा कि शिक्षक के भीतर समाज का निर्माण करने की जबरदस्त कला होती है सबसे पहले शिक्षक माता-पिता होते हैं उसके बाद शिक्षक बच्चों के भविष्य का निर्माण करते हैं कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया।

# उत्तराखण्ड की लोक कला का विश्व में अलग स्थान: राज्यपाल

## जौनसारी हारूल गीत 'हनोल सेवा' के पोस्टर का विमोचन

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र, गढ़ी कैंट में आयोजित उत्तराखण्ड लोक नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यपाल ने जौनसारी हारूल गीत "हनोल सेवा" के पोस्टर का विमोचन किया। लोकगायक मीना राणा, अत्तर शाह, नरेश बादशाह और सुरेन्द्र वर्मा के सुरों में इस हारूल में प्रभु पंवार और मास्टर करन ने संगीत दिया है। सांस्कृतिक उत्सव में स्थानीय लोकगायकों एवं कलाकारों द्वारा अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। लोक कलाकारों द्वारा उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति और लोकनृत्य पर आधारित प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में लोकगायक मीना



राणा, अत्तर शाह, हेमा करासी आदि ने अपने गायन से समा बांध लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत लोक कला पूरे विश्व में एक अलग स्थान रखती है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और विरासत पर गर्व है। उन्होंने कहा कि पौराणिक काल से ही यहां की लोक संस्कृति लोगों को जीने की राह दिखाती है। यहां के मेले, त्यौहार और यहां की परंपराएं बिल्कुल अलग हैं जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ती हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए अपने आने वाली पीढ़ी के लिए संजोकर रखना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी समृद्ध संस्कृति का प्रचार-प्रसार पूरे विश्व में किया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने इस आयोजन में अपनी प्रस्तुतियां देने वाले सभी कलाकारों की प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनका हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उत्तराखण्ड के गौरवमयी लोक परंम्पारिक एवं पौराणिक अध्यात्मिक लोक सांस्कृतिक विरासत भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अलग है। अनादि काल से उत्तराखण्ड की भूमि, भारतीय दर्शन, चिंतन, मनन, अध्यात्म, साधना एवं संस्कृति का केन्द्र रही है। यहां की साहित्य कला एवं संस्कृति ने वर्षो से भारतीय संस्कृति को परिष्कृत किया है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक कलाकारों के प्रोत्साहन हेतु चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अमृता रावत, विधायक श्रीमती सविता कपूर, सचिव संस्कृति हरीश चन्द्र सेमवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





# डिस्ट्रिक कराटे चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हल्द्वानी। सितोरियो कराते फेडरेशन के तत्वधान में नैनीताल डिस्ट्रिक कराते चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें 75 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमे हल्द्वानी शहर के देली फाउण्डेशन, वेदान्तम इण्टरनेशलन स्कूल, आदर्श पब्लिक स्कूल, नालन्दा अकेडमी, निर्मला कॉनवेन्ट, देहली पब्लिकस्कूल, सेंट थेरेजा, सेनलुक्स स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में आकांक्षा आर्या, युवराज,



सोमिया, गर्वित मिश्रा, चिराग सिंह, कोरंगा, गर्विता ने गोल्ड मेडल, ध्रुव मिश्रा, सिद्धार्थ कश्यप, कांव्या, ध्रुववर्धन जोशी, अखिल कश्यप ने सिल्वर मेडल तथा सांभवी मेहरा, युवराज सिंह मेहता, भव्य, संस्कार कुमार गड़िया ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि हरीश पाण्डे ने किया। इस दौरान अशोक कश्यप, सिहान, बलवन्त आर्या, कविता टम्टा, सेंसई हरीश कुमार, महेशानन्द, नैन्सी अग्रवाल, राज आर्या, यश कुमार, यश अग्रवाल, सोना आर्या, कुमार गोरव आदि सम्मिलित रहे।

## पेज एक का शेष...

**सख्त कानून के बावजूद......**एवं बजरंग दल की कार्यकर्ताओं को लग गई और योगेंद्र चौहान ,सुल्तान सिंह ,अजय पाल, सुदेव दास गुप्ता ,राकेश कश्यप सहित तमाम विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता सिडकुल चौकी में जमा हो गए तथा पुलिस का ढुलमुल रवैया देख नारेबाजी और हंगामा पर उतारू हो गए। चौकी में हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने अंततः पीड़िता की मां की तहरीर ले ली। फिर भी इस बात के आसार कम ही है कि पुलिस उपरोक्त मामले में कोई सख्त कार्यवाही करेगी। वह इसलिए क्योंकि, पीड़िता की मां ने अपनी तहरीर में इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि आरोपी, पीड़िता के परिवार जन को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर पूर्व में उसके साथ शारीरिक संबंध बन चुका है। बावजूद इसके पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराने का कोई उपक्रम नहीं किया। लिहाजा इस आशंका से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता कि जिस तरह पुलिस अन्य मामलों को समझौता करवा कर चौकी से ही रफा-दफा कर देती है ,वैसे ही इस गंभीर मामले को भी ना रफा-दफा कर दे। ऐसे में अहम सवाल यह है कि जब पुलिस द्वारा लव जिहाद के मामलों में कार्यवाही करने में ऐसी हीला हवाली की जाएगी तो सरकार के सख्त से सख्त कानून बना देने से भी क्या फर्क पड़ेगा?

**ढेला और झिरना जोन........**और रास्ते भी खराब हो गए है,जिसके बाद दोनों जोनों में सुबह और शाम की सफारियों को निरस्त करना पड़ा. मौसम ठीक होने के बाद ही सफारियों को संचालित किया जायेगा।

# दहेज उत्पीड़न में ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना पुलभट्टा पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत पर पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने यह कार्रवाई मृतका के पिता की ओर से दी गई तहरीर पर की। मोहम्मद बुन्दन पुत्र कदीर अहमद निवासी ग्राम देवरनिया मुंडिया जागीर थाना देवरनिया बरेली ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि माह जून 2018 में पुत्री शबाना का निकाह अनवार पुत्र सज्जाद हुसैन निवासी वार्ड 18 सिरौलीकला किच्छा के साथ किया। पुत्री के दो बच्चे है। आरोप है कि निकाह के समय से ही पुत्री को उसका पति अनवार ,ससुर सज्जात हुसैन, सास शहाना,जेठ अबरार ,जेठानी नाजरा,ननद राविया आदि दहेज के लिए परेशान कर मारपीट करते। वह लोग दहेज की मांग पूरी न होने पर मेरी पुत्री को जान से मारने की धमकी देते थे। कई बार ससुराल वालों को समझाने का भी प्रयास किया।परन्तु वह लोग नहीं माने। 3-4 दिनों से दहेज लोभी लगातार पुत्री को मारपीट कर रहे। मृतका के पिता ने बताया कि 8 सितंबर 23 को दोपहर करीब 12:30 बजे से 1 बजे के बीच सूचना मिली कि शबाना की मृत्यु हो गयी है। वह लोग पुत्री के ससुराल पहुंचे तो देखा पुत्री के ससुराल वाले घर से फरार है। आरोप है कि पुत्री की हत्या कर ससुराल वाले भाग गए। मृतका के पिता ने पुलिस से ससुरालियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम से मनाया ग्राण्ड पेरेंट्स डे

देहरादून(उद संवाददाता)। द पॉली किड्स देहरादून ने अपनी सभी शाखाओं में बहुत उत्साह और उमंग के साथ दादा-दादी दिवस मनाया। दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति प्यार, आदर, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए दादा-दादी दिवस मनाया जाता था। डालनवाला, राजपुर रोड1, राजपुर रोड 2, जीएमएस रोड और प्रेम नगर शाखाओं की शाम की थीम कृष्ण संध्या थी, जहां कृष्ण लीला, डांडिया रास का आयोजन किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के श्री अतुल शर्मा एवं श्री प्रमोद द्वारा मधुर भजन प्रस्तुत किये गये। दादा-दादी ने भजनों की धुन पर नृत्य किया और पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राधा और कृष्ण के साथ फूलों की होली थी जिसका वास्तव में सभी दादा-दादी ने आनंद लिया। चेयरमैन कैप्टन मुकुल महेंद्रू, निदेशक श्रीमती रंजना महेंद्रू, श्रीमती नंदिता सिंह, श्रीमती वंदना छेत्री, श्रीमती शिप्रा आनंद, इवेंट को-ऑर्डिनेटर - श्रीमती दीप्ति सेठी, सिस्टम को ऑर्डिनेटर- श्रीमती दिव्या जैन, प्रधानाध्यापिका श्रीमती मोनिका चौहान, श्रीमती पूनम निगम, श्रीमती नेहा सहगल और पॉली किड्स का पूरा स्टाफ कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे।



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

गुरू माँ

# उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS

DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

गर्मियों में ठंड जैसी राहत

गुरू माँ

36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac

Premium Split Ac

Mid-Range Split Ac

Heavy-Duty Split Ac

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

**Easy EMI** Options Available

गुरू माँ

# GURU MAA ENTERPRISES

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338